जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें ।

2025

Question Booklet Bar Code Serial No.
प्रश्न–पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या
1005873

कोड : BIRU-01

विषय : सामान्य अध्ययन

भाग – I : सामान्य अध्ययन : प्रश्न संख्या 1 से 30

समय : 2 घण्टे

पूर्णांक : 150

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें

अंकों में →

शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल काले बॉल–प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें । अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।

अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर

आपको अपने सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक अन्तरीक्षक को सौंप दें तथा अभ्यर्थी प्रति (नीली) अन्तरीक्षक से प्राप्त कर लें ।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं । ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक और प्रश्न–पुस्तिका जिनकी बार कोड क्रम संख्या एकसमान है, सील्ड पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट के अन्दर एक साथ रखी है ।
2. पारदर्शी सील्ड पॉलीथीन पैकेट खोलने के तुरन्त बाद, पुनः जाँच करके देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान हैं तथा सभी पृष्ठ भली–भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान न हों या इसमें अन्य कोई विसंगति हो, तो इसे अन्तरीक्षक को वापस कर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की दूसरी सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लें ।
3. अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की पुष्टि करने के उपरान्त ही ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड निर्धारित स्थान पर अंकित करें, अन्यथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न–पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें । रफ कार्य के लिए प्रश्न–पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें ।
5. इस प्रश्न–पुस्तिका में 120 प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार (4) वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले बॉल–प्वॉइंट पेन से पूरा काला कर दें ।
6. इस प्रश्न–पुस्तिका में सभी प्रश्न अंग्रेज़ी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं । द्विभाषी (अंग्रेज़ी/हिन्दी) में किसी भी प्रश्न में अस्पष्टता के मामले में प्रश्न का अंग्रेज़ी संस्करण प्रभावी होगा ।
7. गलत उत्तरों के लिए दण्ड :
   ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।
   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का एक–तिहाई दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।
   (ii) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे ग़लत उत्तर माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।
   (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई दण्ड नहीं दिया जाएगा ।

नोट : कृपया प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की जाँच कर ली जाए तथा बार कोड क्रम संख्या के एकसमान न होने की दशा में उसे बदलकर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की दूसरी सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लिया जाए ।

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

## Part – I / भाग – I

### General Studies / सामान्य अध्ययन

1. The definition of health as "a state of complete physical, mental and social well-being and not merely the absence of disease and infirmity" is given by

(a) FAO (b) UNICEF
(c) WHO (d) UNDP

2. Which of the following best explains the concept of sustainable development ?

(a) Development controlled by international institutions
(b) Development focused only on economic growth
(c) Development without using natural resources
(d) Development that meets present needs without harming future needs

3. Which of the following Indian festival has been included recently in UNESCO Intangible Cultural Heritage List ?

(a) Deepawali (b) Pongal
(c) Holi (d) Onam

4. The Cultural and Educational Right in Indian Constitution is guaranteed by the following

(a) Art. 27 and Art. 28
(b) Art. 29 and Art. 30
(c) Art. 28 and Art. 29
(d) None of the above

5. Recent terminology used for repayment of public debt that is preferred, is

(a) Return of public debt
(b) Repudiation
(c) Suspension of payments
(d) Transfer moratorium

6. Which of the following is NOT correctly matched ?

| | (Education Commission) | (Year) |
|---|---|---|
| (a) | The Indian Universities Act | – 1917 |
| (b) | Sir Charles Wood's Despatch on Education | – 1854 |
| (c) | Radha Krishnan Commission | – 1948-49 |
| (d) | University Grants Commission | – 1953 |

1. स्वास्थ्य की परिभाषा जिसे "सम्पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण अवस्था के रूप में देखा जाता है और जो केवल रोग और दुर्बलता की अनुपस्थिति नहीं है", दी गयी है

(a) FAO द्वारा (b) UNICEF द्वारा
(c) WHO द्वारा (d) UNDP द्वारा

2. निम्नलिखित में से कौन सतत विकास की अवधारणा को सबसे अच्छी तरह से समझाता है ?

(a) अन्तरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा नियंत्रित विकास
(b) केवल आर्थिक विकास पर आधारित विकास
(c) प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग के बिना विकास
(d) वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करते हुए भविष्य की आवश्यकताओं को नुकसान पहुंचाए बिना विकास

3. यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में हालही में किस भारतीय त्यौहार को शामिल किया गया है ?

(a) दीपावली (b) पोंगल
(c) होली (d) ओणम/ओनम

4. भारतीय संविधान में संस्कृति और शिक्षा सम्बंधी अधिकार निम्न द्वारा प्रदान किया गया है

(a) अनु. 27 और अनु. 28
(b) अनु. 29 और अनु. 30
(c) अनु. 28 और अनु. 29
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

5. सार्वजनिक ऋण के पुनर्भुगतान के लिए आजकल प्रयुक्त शब्दावली जिसे प्राथमिकता दी जाती है, वह है

(a) सार्वजनिक ऋण की वापसी
(b) अस्वीकृति
(c) भुगतान का निलम्बन
(d) स्थानांतरण स्थगन

6. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है ?

| | (शिक्षा आयोग) | (वर्ष) |
|---|---|---|
| (a) | भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम | – 1917 |
| (b) | शिक्षा पर सर चार्ल्स वुड्स डिस्पैच | – 1854 |
| (c) | राधा कृष्णन आयोग | – 1948-49 |
| (d) | विश्वविद्यालय अनुदान आयोग | – 1953 |

7. Which variety of coffee initially brought from Yemen, is produced in India and is in great demand worldwide ?
(a) Excelsa (b) Liberica
(c) Robusta (d) Arabica

8. When and where did the first session of the Indian National Congress take place and how many delegates participated in it ?
(a) December 1885, Bombay, 72 delegates
(b) December 1885, Calcutta, 72 delegates
(c) December 1885, Bombay, 69 delegates
(d) December 1880, Bombay, 70 delegates

9. First Indian astronaut who visited International Space Station is
(a) Shubhanshu Shukla
(b) Raja Chari
(c) Rakesh Sharma
(d) Kalpana Chawla

10. How many members does the President of India nominate in Rajya Sabha ?
(a) 20 members (b) 10 members
(c) 15 members (d) 12 members

11. In the semi-arid regions of Rajasthan, what were the traditional underground tanks for storing drinking water called ?
(a) Tankas (b) Guls
(c) Khadins (d) Johads

12. Bhagat Singh was the founding Secretary of which of the following organisation ?
(a) Kirti Kisan Party
(b) H.S.R.A.
(c) Lahore Student's Union
(d) Punjab Naujawan Bharat Sabha

7. कॉफी की कौन–सी किस्म, जो शुरू में यमन से लाई गयी थी, भारत में उत्पादित की जाती है और दुनिया भर में उसकी बहुत माँग है ?
(a) एक्सेल्सा (b) लिबेरिका
(c) रोबस्टा (d) अरेबिका

8. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन कब और कहाँ हुआ तथा इसमें कितने प्रतिनिधियों ने भाग लिया ?
(a) दिसम्बर 1885, बम्बई, 72 प्रतिनिधि
(b) दिसम्बर 1885, कलकत्ता, 72 प्रतिनिधि
(c) दिसम्बर 1885, बम्बई, 69 प्रतिनिधि
(d) दिसम्बर 1880, बम्बई, 70 प्रतिनिधि

9. अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री है
(a) शुभांशु शुक्ला
(b) राजा चारी
(c) राकेश शर्मा
(d) कल्पना चावला

10. भारत का राष्ट्रपति राज्यसभा में कितने सदस्य मनोनीत करता है ?
(a) 20 सदस्य (b) 10 सदस्य
(c) 15 सदस्य (d) 12 सदस्य

11. राजस्थान के अर्ध–शुष्क क्षेत्रों में पीने के पानी के भण्डारण के लिए पारम्परिक भूमिगत टैंकों को क्या कहा जाता है ?
(a) टंका (b) गुल्स
(c) खादीन (d) जोहड

12. भगत सिंह निम्नलिखित में से किस संस्था के संस्थापक सचिव थे ?
(a) कीर्ति किसान पार्टी
(b) एच.एस.आर.ए.
(c) लाहौर छात्र संघ
(d) पंजाब नौजवान भारत सभा

13. Which one of the following is NOT properly matched ?

(a) 74th Constitutional Amendment Act – Centre-State Relations
(b) 73rd Constitutional Amendment Act – Panchayati Raj
(c) 42nd Constitutional Amendment Act – Fundamental Duties
(d) 44th Constitutional Amendment Act – Abolition of the Right to Property as Fundamental Right

14. Which gas is responsible for the greenhouse effect ?

(a) Nitrogen (b) Hydrogen
(c) Oxygen (d) Carbon dioxide

15. Where was U.N. Climate Summit, COP30 held ?

(a) Indonesia (b) Nigeria
(c) Brazil (d) China

16. Which of the following Academy was founded by the Ninth Century Abbasid Caliph Al-Mamun, which undertook the ambitious project of translating Greek, Persian and Sanskrit texts on Philosophy and Science into Arabic ?

(a) Al-Nizamiyya
(b) Dar-al-Ilm
(c) Bayt-al-Hikmah
(d) Al-Azhar Mosque and University

17. The terms Micro-Economics and Macro-Economics were first coined by

(a) J. M. Keynes (b) Adam Smith
(c) Ragnar Frisch (d) Alfred Marshall

18. In a certain code language 'HIM-ACE' is written as 21. How will 'SIP-TAG' be written in that code language ?

(a) 19 (b) 14
(c) 12 (d) 16

13. निम्न में से कौन एक सुमेलित नहीं है ?

(a) 74 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – केन्द्र-राज्य सम्बन्ध
(b) 73 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – पंचायती राज
(c) 42 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – मौलिक कर्तव्य
(d) 44 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम – सम्पत्ति के अधिकार का मौलिक अधिकार के रूप में निरसन

14. ग्रीनहाउस प्रभाव (हरितगृह प्रभाव) के लिए कौन-सी गैस जिम्मेदार है ?

(a) नाइट्रोजन (b) हाइड्रोजन
(c) ऑक्सीजन (d) कार्बन डाईऑक्साइड

15. संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन, COP30 कहाँ सम्पन्न हुई ?

(a) इन्डोनेशिया (b) नाइजीरिया
(c) ब्राजील (d) चीन

16. नौवीं सदी के अबासिद खलीफा अल-मामुन ने निम्न में से किस अकादमी की स्थापना की, जिसमें दर्शन और विज्ञान पर यूनानी, फारसी और संस्कृत के ग्रन्थों का अरबी में अनुवाद करने का महत्वाकांक्षी परियोजना को हाथ में लिया ?

(a) अल-निज़ामिया
(b) दार-अल-इल्म
(c) बयत-अल-हिक्मा
(d) अल-अज़हर मस्जिद एवं विश्वविद्यालय

17. व्यष्टि-अर्थशास्त्र तथा समष्टि-अर्थशास्त्र का सर्वप्रथम निर्माण किसने किया ?

(a) जे. एम. कीन्स (b) एडम स्मिथ
(c) रेग्नर फ्रिश (d) अल्फ्रेड मार्शल

18. किसी निश्चित कोड भाषा में 'HIM-ACE' को 21 लिखा जाता है । उसी कोड भाषा में 'SIP-TAG' को किस प्रकार लिखा जायेगा ?

(a) 19 (b) 14
(c) 12 (d) 16

19. In which region of the world are the highest number of volcanoes found ?
(a) Circum pacific belt
(b) Indian oceanic belt
(c) Mid continental belt
(d) Atlantic belt

20. Consider the following statements with reference to present Chief Justice of India.
1. Present Chief Justice of India is Justice Surya Kant.
2. Surya Kant is 52nd Chief Justice of India.
Select the correct answer from the code given below :
Code :
(a) Neither 1 nor 2 (b) Only 2
(c) Only 1 (d) Both 1 and 2

21. Under which title has Dara Shikoh translated fifty two upanishads into Persian language ?
(a) Sirr-i-Akbar
(b) Majm-ul-Bahrin
(c) Safinat-ul-Auliya
(d) Risal-e-Haqnuma

22. The Viksit Bharat Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) Act, 2025 (VB-G RAM G Bill 2025), represents a significant upgrade over MGNREGA because in MGNREGA
A. Structural weaknesses
B. Not able to enhance rural employment
C. Absence of transparency and planning
D. Absence of accountability
Select the correct answer from the code given below :
Code :
(a) All of the above (b) B and C
(c) A and B (d) C and D

23. Which Constitutional authority determines the disqualification of MP's of Lok Sabha under the 10th Schedule ?
(a) Speaker of the Lok Sabha
(b) Supreme Court
(c) Election Commission
(d) President

19. विश्व के किस क्षेत्र में सर्वाधिक ज्वालामुखी पाए जाते हैं ?
(a) परिप्रशान्त महासागरीय मेखला
(b) हिन्द महासागरीय मेखला
(c) मध्य महाद्वीपीय मेखला
(d) अन्ध महासागरीय मेखला

20. भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।
1. न्यायमूर्ति सूर्य कान्त भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश हैं ।
2. सूर्य कान्त भारत के 52 वें मुख्य न्यायाधीश हैं ।
नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए :
कूट :
(a) न तो 1 न ही 2 (b) केवल 2
(c) केवल 1 (d) 1 और 2 दोनों

21. दारा शिकोह ने बावन उपनिषदों का फारसी भाषा में अनुवाद किस शीर्षक से किया ?
(a) सिर्र–ए–अकबर
(b) मज्म–उल–बहरीन
(c) सफीनत–उल–औलिया
(d) रिसाल–ए–हकनुमा

22. विकसित भारत गारन्टी रोज़गार आजिविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (VB-G RAM G Bill 2025), MGNREGA की तुलना में एक महत्वपूर्ण उन्नयन का प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि MGNREGA में
A. संरचनात्मक कमजोरियाँ
B. ग्रामीण रोजगार बढ़ाने में असमर्थ
C. पारदर्शिता और योजना का अभाव
D. जवाबदेही का अभाव
नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनें :
कूट :
(a) उपरोक्त सभी (b) B एवं C
(c) A एव B (d) C एवं D

23. कौन–सा संवैधानिक प्राधिकारी 10 वीं अनुसूची के तहत लोकसभा सांसदों की अयोग्यता का निर्धारण करता है ?
(a) लोकसभा का अध्यक्ष
(b) उच्चतम न्यायालय
(c) चुनाव आयोग
(d) राष्ट्रपति

24. When and where was Guru Nanak Ji, the founder of Sikhism born ?
(a) 1489, Amritsar (b) 1479, Amritsar
(c) 1469, Talwandi (d) 1489, Talwandi

25. The first Indian woman to win Mrs. Universe crown
(a) Sumona Chatterji (b) Sherry Singh
(c) Promila Rani (d) Jeevika Jha

26. Who presented the Nebular hypothesis, regarding the origin of the earth ?
(a) Jeffery (b) Sir James Jeans
(c) Laplace (d) Chamberlin

27. Arrange the following Prime Ministers of India in chronological order of their tenure.
1. Charan Singh
2. V. P. Singh
3. H. D. Deve Gowda
4. P. V. Narasimha Rao
(a) 2, 1, 3, 4 (b) 1, 3, 4, 2
(c) 2, 3, 1, 4 (d) 1, 2, 4, 3

28. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other as Reason (R).
**Assertion (A) :** Khadar soil is more fertile than Bangar soil.
**Reason (R) :** Khadar is new alluvial soil which has a higher concentration of fine particles and less kankar nodules.
Select the correct answer from the code given below :
**Code :**
(a) (A) is false, but (R) is true
(b) (A) is true, but (R) is false
(c) Both (A) and (R) are true, (R) is the correct explanation of (A)
(d) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)

29. When lead nitrate powder is heated in a boiling tube, brown fumes are evolved. These fumes are of
(a) NO (b) PbO
(c) $NO_2$ (d) $O_2$

30. Fill in the blank.
AI, EO, IU, _______, UE
(a) OA (b) UA
(c) OU (d) OI

24. सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक जी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?
(a) 1489, अमृतसर (b) 1479, अमृतसर
(c) 1469, तलवंडी (d) 1489, तलवंडी

25. मिसेज यूनीवर्स का ताज जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला है
(a) सुमोना चटर्जी (b) शेरी सिंह
(c) प्रोमिला रानी (d) जीविका झा

26. पृथ्वी की उत्पत्ति से सम्बंधित निहारिका परिकल्पना किसने प्रस्तुत की ?
(a) जेफरी (b) सर जेम्स जीन्स
(c) लाप्लास (d) चैम्बरलिन

27. निम्नलिखित भारत के प्रधानमन्त्री को उनके कार्यकाल के कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें ।
1. चरण सिंह
2. वी. पी. सिंह
3. एच. डी. देवेगौडा
4. पी. वी. नरसिम्हा राव
(a) 2, 1, 3, 4 (b) 1, 3, 4, 2
(c) 2, 3, 1, 4 (d) 1, 2, 4, 3

28. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।
**अभिकथन (A) :** खादर मिट्टी, बाँगर मिट्टी की तुलना में अधिक उपजाऊ होती है ।
**कारण (R) :** खादर नई जलोढ़ मिट्टी है जिसमें महीन कणों की सांद्रता अधिक और कंकड ग्रन्थियाँ कम होती हैं ।
नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनें :
**कूट :**
(a) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है
(b) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है
(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, (R), (A) की सही व्याख्या है
(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

29. जब लेड नाइट्रेट पावडर को एक क्वथन नली में गरम किया जाता है, भूरे रंग की फ्यूम्स निकलती है, ये फ्यूम्स है
(a) NO (b) PbO
(c) $NO_2$ (d) $O_2$

30. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।
AI, EO, IU, _______, UE
(a) OA (b) UA
(c) OU (d) OI